मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
## उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 1221 / डब्लू–52 / 64 दिनांक 12-05-26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कानपुर देहात।

विषयः– **ई0 पेपर हिन्दुस्तान में दिनांक 18.04.2026 को प्रकाशित''बनी खड़ी पानी की टंकी से नहीं हो रही जल आपूर्ति'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **ई0 पेपर हिन्दुस्तान में दिनांक 18.04.2026 को प्रकाशित''बनी खड़ी पानी की टंकी से नहीं हो रही जल आपूर्ति''** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत गौरीकरन विकास खण्ड मलासा जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत गौरीकरन पेयजल योजना का निर्माण मेसर्स इण्डियन हूयम पाइप लि0 संस्था के द्वारा कराया गया है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य क्रमशः अवर जलाशय 150 के0एल0/16 मी0 स्टेजिंग पूर्ण, नलकूप 01 नग पूर्ण, पम्प हाउस 01 नग पूर्ण, बाउण्ड्रीवाल 01 जॉब पूर्ण, पाइप लाइन 8.11 किमी0 के सापेक्ष 8.12 किमी0 पूर्ण, हाउस कनेक्शन 498 नग के सापेक्ष 502 नग हाउस कनेक्शनों को पूर्ण कराकर योजना से लाभान्वित ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। साथ ही अवगत कराना है कि वर्तमान में उक्त पेयजल योजना को अनुरक्षण एवं संचालन में सम्मिलित कर लिया गया है। तदोपरान्त दिनांक 17.04.2026 को वी0एफ0डी0 खराब हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी थी। सम्बन्धित फर्म के द्वारा दिनांक 20.04.2026 को वी0एफ0डी0 की मरम्मत करा दी गयी थी। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना के द्वारा ग्राम पंचायत गौरीकरन में नियमित रूप से सुबह–शाम जलापूर्ति की जा रही है। सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता
दिनांक 12-5-26

पृ0सं0 1221 / डब्लू–52 / 64

प्रतिलिपिः–

1. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात को सादर अवलोकनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता